>

Title: Need to review the decision to shut down Jamalpur diesel shed in Munger Parliamentary Constituency, Bihar - Laid

श्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह (मुंगेर) : मेरे संसदीय क्षेत्र मुंगेर के जमालपुर में डीजल शेड रेलवे का काफी पुराना कारखाना है । इसकी स्थापना 12 दिसम्बर, 1991 में हुई थी । यहां करीब 500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं । इस कारखाने से यहां कार्य करने वाले कर्मचारियों के परिवार के साथ-साथ आसपास के स्थानीय लोगों की भी आजीविका जुड़ी हुई है । इस डीजल शेड कारखाना का महत्वपूर्ण विषय यह भी है कि यह पूर्णरूपेण स्थापित कारखाना है और इसे सभी प्रकार की व्यापक आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है । इसका निर्माण भविष्य को ध्यान में रखकर किया गया था कि जब भी डीजल इंजन फेज आउट होंगे तो यहां पर इलेक्ट्रिक इंजन का भी रख-रखाव कार्य आसानी से होता रहे । अभी तक यहां से 16 डीजल इंजन का कार्य एक साथ सुचारू रूप से चल रहा है । दूसरी ओर इसमें 60 होल्डिंग पॉवर के कार्यभार के साथ डी0ई0एम0यू0 का रख-रखाव भी होता है । यह कारखाना आई एस ओ एवं आई एम एस प्रमाणित है । किंतु रेलवे प्रशासन द्वारा अचानक डीजल शेड जमालपुर के कार्यभार को समाप्त करने का फैसला लिया गया है और इसके कार्यों को नव-निर्मित साहेबगंज डी0ई०एम०यू० शेड में स्थानान्तरित किया जा रहा है । जहां तक मुझे जानकारी है कि 45 कर्मचारियों के स्थानांतरण की लिस्ट तैयार की गई है । कुछ रख-रखाव कार्य भी वहां से ट्रांसफर कर दिया गया है ।

अतः सरकार से आग्रह है कि रेलवे अपने इस कारखाने का उपयोग करे क्योंकि यहां व्यापक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं । कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवारों को भी कोई असुविधा नहीं

होगी । आसपास के लोगों की आजीविका पर भी असर नहीं होगा और इस खबर से क्षेत्र के लोगों में सरकार के प्रति असंतोष की भावना है, वह भी समाप्त हो

जायेगी । जमालपुर का जन-जीवन भी सुचारू रूप से चलता रहेगा ।

कृपया रेल मंत्री जी इस विषय को संज्ञान में लेकर अविलम्ब उचित निर्देश दें ।